# आकाशवाणी शिमला

## 13.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की नई दिल्ली में द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन की प्रगति की समीक्षा।
- भाजपा ने आजादी के महापर्व के उपलक्ष्य में प्रदेश के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में निकाली तिरंगा यात्रा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में नशा माफिया पूरी तरह बेकाबू–सरकार इसे रोकने में नाकाम।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– बरसात के कारण बंद सड़कों को खोलना सरकार की प्राथमिकता।
- हमीरपुर के सुजानपुर में प्रस्तावित निशुल्क मैडिकल कैंप की अनुमति न दिए जाने से सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट नाराज।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन भवन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित समय में पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजना हिमाचल के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन में फोर स्टार श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी और ये भवन दिल्ली आने वाले हिमाचलियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

**बिंदल**

आजादी के महापर्व के मौके पर भाजपा द्वारा आज प्रदेश के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। नाहन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली। बिंदल ने इस मौके पर कहा कि पार्टी ने हर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालने का संकल्प लिया है। उन्होंने ये भी कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में देश के इतिहास को याद किया जा रहा है।

कुल्लू में भी आज भाजपा और उससे जुड़े विभिन्न संगठनों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर भाजपा नेता नरोतम ठाकुर ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं में देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति की भावना को मजबूत करना है। सोलन ज़िला के अर्की में भाजपा ने पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली और देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को याद किया।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि प्रदेश में नशा माफिया पूरी तरह बेकाबू है और सरकार इसे रोकने में नाकाम है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि सरकार नशा माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के बजाए इवेंट और वॉकाथॉन में व्यस्त है। फलस्वरूप युवा पीढ़ी लगातार नशे की चपेट में आ रही है और परिवार के परिवार तबाह हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में दो सालों में एचआईवी के मामलों में डेढ़ गुणा वृद्धि और सुई से संक्रमित होने के आंकड़े लगातार बढ़ने को चिंताजनक बताया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील भी की।

**संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल 14 अगस्त को 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए कल प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर सांय 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि पर्यावरण संतुलन के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण सबसे अहम है और वन विभाग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कुलदीप सिंह पठानिया आज भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुरकड़ा में ज़िला स्तरीय वन महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर चम्बे का पेड़ नामक पौधा भी रोपित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वन प्रबंधन और वन क्षेत्र विस्तार में समुदायों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी वन संवर्धन योजना आरम्भ की है, जिसके साकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं, जिसका लाभ प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को मिल रहा है। रोहित ठाकुर आज पीएम श्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहड़ू में खेल छात्रावास के शुभारम्भ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में अब तक लगभग 9 हजार पद भरे जा चुके हैं और सरकार का लक्ष्य 12 हजार से अधिक पद भरने का है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि फिलहाल सरकार का पूरा फोक्स प्रदेश में भारी बरसात के कारण बंद सड़कों को खोलने और किसानों व बागवानों की लाईफलाईन को मजबूत करना है। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए 18 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर कहा कि प्रदेश में लगभग 2 सौ 50 सड़कें बंद थी। इनमें से अधिकांश सड़कों को मशीनों की मदद से खोल दिया गया हैं

## अभिषेक राणा

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने प्रदेश सरकार द्वारा 6 सितम्बर को हमीरपुर ज़िला के सुजानपुर में प्रस्तावित निशुल्क मैडिकल कैंप की अनुमति नहीं दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। अभिषेक राणा ने आज एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस निशुल्क मैडिकल कैंप का ट्रस्ट को कोई व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि इसका सीधा नुकसान क्षेत्र के उन गरीब और जरूरतमंद लोगों को है, जो महंगे इलाज के लिए घर से दूर नहीं जा पाते। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मनाही के बावजूद संस्था अपने जन कल्याण कार्य हमेशा जारी रखेगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और दूरदराज के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं निशुल्क मिलती रहे।

## मिनी मैराथन

लाहौल स्पीति ज़िला मुख्यालय केलांग में आयोजित होने वाले जनजातीय मेला 2026 के उपलक्ष्य में आज मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में महिला व पुरूषों के विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जनजातीय मेले के उपलक्ष्य में आज ही बुनाई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता ज़िला के खामटूल समूह ने जीती। इस बीच जनजातीय मेले से पहले आज केलांग में ज़िला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ केलांग, सुंदर केलांग का संदेश भी दिया।

## सुनील शर्मा बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए बहुत सराहनीय योजनाएं आरम्भ की है। सुनील शर्मा बिट्टू आज हमीरपुर के निकट स्वाहल क्षेत्र में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि क्षेत्र में सोलर लाईटे लगाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया आरम्भ की जाएंगी। बिट्टू ने स्वाहल में महिला मंडल भवन और डिस्पैंसरी के लिए बजट का प्रावधान करने की बात भी कही।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को प्रदेश के सबसे सुदृढ़ नेटवर्कों में शामिल करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। धर्माणी आज 33 केवी – बम्म–हटवाड़ विद्युत केंद्र के निरीक्षण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस उपकेंद्र का निर्माण कार्य अगले 6 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की नई दिल्ली में द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन की प्रगति की समीक्षा।
- भाजपा ने आजादी के महापर्व के उपलक्ष्य में प्रदेश के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में निकाली तिरंगा यात्रा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में नशा माफिया पूरी तरह बेकाबू–सरकार इसे रोकने में नाकाम।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– बरसात के कारण बंद सड़कों को खोलना सरकार की प्राथमिकता।
- हमीरपुर के सुजानपुर में प्रस्तावित निशुल्क मैडिकल कैंप की अनुमति न दिए जाने से सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट नाराज।

———————————————